Reg. No.- 1622/2009-10

# JILEBIA-JAGDEESH BUDDHA FOUNDATION

BRAJESH KUMAR RAY
SECRETARY

Administrative office-Lawapur Mahnar
Vaishali (Bihar), 844506
-9934974355, 6204998260
E-mail- jibfbrajeshkumarray@gmail.com

Camp Office – Ward no.-26, chakla nirmali, supaul

Ref. No.- JF/03/SUP

Date- 04.04.2021

## ANNUAL REPORT (2020-21)

### मास्क बनाने का कार्यक्रम ( 17 मई 2020 )

विश्व व्यापी कोरोना काल से लोग जुझ रहे थे तो संस्था के द्वारा जूट से रस्सी व अन्य सामान बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा मास्क बनवाया गया तथा वैसे महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया जो दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे।






सचिव
जिलेबिया-... फाउण्डेशन
लावापुर महनार, वैशाली

## मास्क वितरण कार्यक्रम 7 जून 2020

संस्था द्वारा कोरोना से बचाव हेतू किसानों, मजदूरों व महिलाओं को जागरूक किया एवं उनके बीच मास्क वितरण किया संस्था नाबार्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना किसान उत्पादक कम्पनी तथा संयुक्त देयता समूह से जुड़े लोगों को मुफ्त में मास्क वितरण किया।



## कोरोना काल में लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया।

संस्था द्वारा कोरोना काल में रोजगार से वंचित हुऐ लोगों को वैशाली जिले में कृषि से सम्बंधित व्यवसाय से उन्हें जोड़ा गया तथा उन्हें हिम्मत दिया गया कि संस्था आपके साथ है आप काम करें।



पटना, सोमवार
25.05.2020 | प्रभात खबर

### लॉकडाउन में दो भाइयों की बदली जिंदगी

**मुंबई में रह कर वर्षों से करते थे मजदूरी, अब गांव में कर रहे पशुपालन**

**महनार.** कोरोना को लेकर जारी लॉकडाउन में एक ओर जहां हजारों लोग परेशानी झेल रहे हैं, वहीं कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष के दम से जिंदगी जीने का नया तरीका खोज निकाला. ऐसी ही कहानी है महनार प्रखंड की लावापुर महनार पंचायत निवासी गणेश राय के पुत्र संजय राय और अजय राय की. दोनों भाई वर्षों से मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे. लॉकडाउन की वजह से रोजी-रोजगार के साधन बंद होने की वजह से दोनों वापस अपने घर चले आये. यहां उनके समक्ष रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई. लेकिन दोनों भाइयों ने समस्या से हारने की जगह संघर्ष के राह को चुना. दोनों भाइयों ने किसी तरह कुछ राशि का जुगाड़ कर दो दुधारू भैंस खरीदी और उसकी सेवा में जुट गये. दोनों भाइयों की मेहनत रंग लायी और आज दोनों भैंस लगभग बीस किलो दूध दे रही है, जिसे बेचकर दोनों भाइयों का परिवार काफी खुशहाल है. अब दोनों भाई कहते हैं कि वे अब बाहर कमाने नहीं जायेंगे और अपने घर पर रहकर खेती और पशुपालन कर आत्मनिर्भर बनेंगे. इन दोनों भाइयों की तरह ही कई ऐसे प्रवासी मजदूर भी हैं, जो अन्य राज्यों से भागकर अपने घर पहुंचकर सब्जी, खेती, फल्ल आदि का व्यवसाय कर रहे हैं. इधर लावापुर निवासी जेजेएफ के सचिव ब्रजेश कुमार राय कहते हैं कि जहां चाह है, वहां राह है. अगर हम चाहें तो परदेस से अच्छी कमाई अपने गांव में ही कर सकते हैं. यहां भी रोजगार के काफी अवसर हैं. लोग गांव में रह कर स्वरोजगार को अपना कर जीविकोपार्जन करें. वहीं पहाड़पुर निवासी युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला का मानना है कि आदमी अगर अपने हुनर को पहचान लें तो अपने गांव में भी रोजगार की काफी संभावनाएं हैं. गांव में ही रोजगार कर अच्छा पैसा कमाया जा सकता है. साथ ही परिवार का भी बेहतर तरीके से भरण पोषण किया जा सकता है.

[illegible signature]
सचिव
जिलेबिया-जल ... फाउण्डेशन
लावापुर ... वैशाली

## बदलते जलवायु में राजमा की खेती का उत्पादित राजमा का विक्रय (12 अगस्त 2021)

संस्था बिहार के 5 जिलों में राजमा की खेती करवाया था जिसका अच्छा उत्पादन हुआ उस उत्पादन को बेचने के लिए कई स्थानों पर स्टॉल लगाया तथा लोगों को इसके बारे में जागरूक किया।



## बाल दिवस (14 नवम्बर 2021)

बच्चे भगवान के दुसरे रूप होते है, संस्था प्रत्येक वर्ष छोटे–छोटे बच्चे को बाल दिवस के अवसर उन्हें खाने के कुछ सामान वितरण करता है इसी क्रम में संस्था के सचिव श्री ब्रजेश कुमार राय ने बच्चे को अपने गोद में लेकर दुलार करते हुऐ बाल दिवस की शुभकामना दिया।



सचिव

## जिला कृषि पदाधिकारी का अभिनन्दन (25 नवम्बर 2021)

नाबार्ड प्रायोजित तथा संस्था द्वारा प्रोत्साहित औस किसान उत्पादक कम्पनी मधेपुरा द्वारा निर्देशक मंडल सदस्यों के बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित मधेपुरा के जिला कृषि पदाधिकारी श्री राजन बालन का अभिनन्दन किया गया तथा उन्हें उर्वरक के लाईसेंस के लिए आवेदन दिया गया इस कार्यक्रम में ज्योति मंडल, धमेन्द्र कुमार, अमित कुमार सहित 8–10 अन्य डायरेक्टर उपस्थित थे।



## वृक्षारोपण कार्यक्रम (6 दिसम्बर 2021)

संस्था छोटे–छोटे बच्चे के जन्मदिन पर पेड़ लगाने की एक परम्परा को लम्बे समय से चलाता आ रहा है इसी कड़ी में सारण जिले के सोनपुर प्रखंड में केन्द्रीय विद्यालय सोनपुर के छोटे–छोटे बच्चे को पेड़ देकर उन्हें पेड़ लगवाया तथा पर्यावरण के प्रति उन्हें सचेत किया, इस कार्यक्रम में जयवीर राज, माही कुमारी तथा विशाल वैभव आदि सम्मलित हुये।



सचिव
जिलेबिया-जगदीश वृक्षा फाउण्डेशन
लावापुर महनार, वैशाली

## संस्था के प्रतिनिधि का सम्मान समारोह सह निरीक्षण कार्यक्रम (4 जनवरी 2021)

संस्था के सम्मानित सदस्य श्री कृत्यानंद सिंह वरिष्ठ पत्रकार प्रभात खबर के द्वारा सुपौल जिले में चल रहे परियोजनाओं को संस्था द्वारा निर्देशन के पश्चात् निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के पश्चात् संस्था के स्वयं सेवकों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में आशीष कुमार, पवन कुमार, श्री ब्रजेश कुमार राय शामिल है।





सचिव
जिलेबिया-जन [illegible] फाउण्डेशन
लावापुर महनार, वैशाली

## जूट से बने सामानों का निरीक्षण करते जिला पदाधिकारी सुपौल (5 फरवरी 2021)

संस्था द्वारा सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड परिसर में जीविका द्वारा एक प्रदर्शनी लगाया था जिसमें संस्था ने भी जूट से बने सामानों का स्टॉल लगाया था उस स्टॉल का निरीक्षण करते सुपौल जिला पदाधिकारी श्री महेन्द्र कुमार। इस कार्यक्रम में संस्था के द्वारा पूरे जिले में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाने के लिए जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा तथा उसके लिए सभी सरकारी कार्यालयों में जूट के फाईलों के उपयोग का निर्देश दिया इस कार्यक्रम में संस्था की ओर से पवन कुमार , गौरी कुमारी, सुमन कुमारी, अनिता कुमारी, मनीषा कुमारी ने भाग लिया।



सचिव

## अनुबंध कार्यक्रम (13 मार्च 2021)

संस्था अपने कामों को बढ़ाते हुये जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ एक अनुबंध भी किया है जिसमें जूट उत्पादक किसानों को बीज से लेकर बाजार तक सारी सुविधा मुहैया कराने के दृष्टिकोण से क्षेत्रिय प्रबंधक फारबिसगंज तथा संस्था के सचिव के द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर बनाया गया इस कार्यक्रम में दर्जनों लोग उपस्थित थे।






सचिव
तिलेबिया-जगदीश बुद्धा फाउण्डेशन
लालापुर महनार, वैशाली